



## एक नजर में



### स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए कार्तिकेय व विधायक भार्गव

**डोबी.** ग्रामके प्रतिष्ठित तरुण जोशी का विगत दिनों विवाह संपन्न हुआ था. आज उनके निज निवास पर युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव, सलकनपुर देवी धाम के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष पवन चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष अल्पेश चौहान, शुभम चौहान, शैलेंद्र पटेल, कैलाश मेहरा, जनपद सदस्य थान सिंह चौहान, लंकेश पटेल आदि ने पहुंचकर युवा जोड़े को बधाई प्रेषित की है.



### संस्कृति विद्यालय में विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला

**आष्टा.** संस्कृति विद्यालय में संविधान दिवस पर प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा संविधान दिवस का विशाल मानव चित्र बनाया गया, जो देखने में अत्यंत अद्भुत रहा और सभी का ध्यान आकर्षित करता रहा. तीन रंगों—केसरिया, सफेद और हरे—की पट्टियों का इस्तेमाल कर विद्यार्थियों ने संविधान दिवस का संदेश प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया. छात्रों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया तथा संविधान के महत्व और इसके मूल कर्तव्यों पर जानकारी दी गई.



### ब्राह्मण समाज नेदुर्गा मंदिर चौराहे पर जलाया पुतला

**भैरुंदा.** ब्राह्मण समाज ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर संतोष वर्मा के विवादित बयान के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराते हुए एसडीएम के माध्यम से राज्यपालको ज्ञापन सौंपा. समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि संतोष वर्मा का बयान न केवल ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों का अपमान है, बल्कि यह प्रशासनिक आचरण के भी विरुद्ध है. ऐसी मानसिकता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं हो सकती. इस मौके पर दुर्गा मंदिर चौराहे पर संतोष वर्मा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया तथा कठोर कार्यवाही की मांग की.



### अभाविप ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** अभाविपके प्रांत कार्य समिति सदस्य हर्षित मेवाड़ा के नेतृत्व में गुरुवार को प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि वीआईटी भोपाल (वास्तविक स्थान सीहोर) में पिछले दिनों सामने आए गंभीर स्वास्थ्य संकट, भोजन-पेयजल की अव्यवस्था, छात्रों को अवैध रूप से कमरों में रोके जाने, सुरक्षा गार्ड्स द्वारा छात्रों पर किए गए हमलों, विश्वविद्यालय प्रबंधन की निरंतर लापरवाही, पारदर्शिता के अभाव और भ्रामक संस्थागत नाम जैसी गंभीर अनियमितताएं हैं. अभाविप ने मांग की है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाए, घटना में संलग्न सुरक्षा कर्मियों और उनकी एजेंसी पर एफआईआर दर्ज करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्च-स्तरीय जांच कर छात्रों की सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. यदि तत्काल कार्यवाही नही होती है तो परिषद प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने के लिये बाध्य होगा.




### स्वामी विवेकानन्द कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी

**सीहोर.** गुरुवार, को स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ प्राफेशनल स्टडीजमें फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ हरीश राठौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया. कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. नितीका माहेश्वरी एवं आशुतोष शुक्ला ने किया. विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग प्रस्तुति दी गई. इस मौके पर मिस्टर फ्रेशर अल्फेज़ अख्तर एवं मिस फ्रेशर खुशी मेवाड़ा घोषित किए गए.

### ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में संविधान दिवस मनाया

**इछावर.** संविधान दिवस स्थानीय दि आक्सफोर्ड हाई स्कूल में मनाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संविधान का संरक्षण,न्याय पालन, एकता, अखण्डता, समाजवादी, लोकतांत्रिक, गणराज्य, प्रगति में योगदान की शपथ ली. कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा ने बताया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है. विद्यार्थियों के साथ शपथ लेने वालों में प्राचार्या संगीता मसीह, वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा, सरिता शर्मा,मधु अग्रवाल, प्रियंका वर्मा, रितु वर्मा, शिवासर, अनीता मकरैया, विनीता, पूजा, संध्या, गंगा परमार, दुर्गा शर्मा, शीतल शामिल रहे.

# एक बार फिर बेगुनाहों के खून से नहाया हाईवे

## गुरुवार की सुबह इंदौर-भोपाल हाईवे पर खड़े कंटेनर से भिड़ी कार, हादसे में बुआ-भतीजे की दर्दनाक मौत

- महू से भोपाल कार से जा रहा था नीमा परिवार
- कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक पर मामला दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर. भोपाल-इंदौर हाईवे गुरुवार की सुबह एक बार फिर बेगुनाह यात्रियों के खून से रंगा गया. दरबार ढाबे के नजदीक अल सुबह सड़क किनारे खड़े कंटेनर से तेज रफ्तार कार जा भिड़ी. इस हादसे में कार में सवार एक महिला व युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है.**

गुरुवार सुबह इंदौर-भोपाल बायपास पर एक सड़क हादसे में एक युवक और एक महिला की मौत हो गई. जबकि तीन लोग घायल हो गए. हादसा इतना भयानक था कि तेज रफ्तार से आ रही कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए कंटेनर में घुस गई. जिससे कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. जैक की मदद से किसी तरह कंटेनर को ऊपर उठाकर कार को निकाला जा सका. यह हादसा सुबह 6 बजे हुआ. प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि कोहरे की वजह से तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक को कंटेनर नहीं दिखा और कार कंटेनर से टकरा गई.



**सीहोर.** स्टेट हाईवे पर गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में कंटेनर से भिड़ी कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई थी.

पुलिस के अनुसार नीमा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होकर महू से वापस लौट रहा था. सुबह करीब 6 बजे जब कोहरे की धुंध के बीच तेज रफ्तार से आ रही कार बायपास स्थित ढाबे के पास सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर में पीछे से टकरा गई. इस हादसे में कार में सवार 56 वर्षीय संध्या नेमा और 28 वर्षीय मृदंग नेमा की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि सुनील नीमा 60 वर्ष, संजीव नीमा 45 वर्ष और मीनल नीमा 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं. इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर कर दिया गया.सड़क किनारे यह हादसा जिसने भी देखा वह दहल उठा. कार का अगला हिस्सा कंटेनर के नीचे घुस गया था. जिससे वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी. किसी तरह लोगों ने घायलों को बाहर निकाला. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जैक से कंटेनर का पिछला हिस्सा ऊपर उठाया तब कहीं जाकर कार को पीछे खींचा जा सका. बताया जाता है कि भोपाल की ओर जा रहे कंटेनर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई गई थी, जिसके कारण कंटेनर के चालक ने उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया था, लेकिन किनारे पर जगह कम होने के कारण कंटेनर का कुछ हिस्सा रोड पर आ गया था. जिसके कारण कार कंटेनर में पीछे से टकरा गई. पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### देर रात में महू से रवाना हुए थे

गौरतलब है कि भोपाल निवासी संजीव नीमा एसबीआई में एजीएम के रूप में पदस्थ हैं. गुरुवार सुबह इन्हें ड्यूटी ज्वाइन करना थी. वह उदयपुर के विवाह समारोह से लौट रहे थे. महू में भी एक शादी-समारोह में शामिल होकर रात करीब 2 बजे वे महू से भोपाल के लिए निकले थे. सुबह करीब 6 बजे सीहोर बायपास पर ढाबे के सामने खड़े एक कंट्रेनर से उनकी कार टकरा गई. इस हादसे में संजीव के बेटे मृदंग नीमा और उनकी बहन संध्या नीमा की दुर्घटना में मौत हुई है. संजीव, उनकी पत्नी मीनल और बहनोई सुनील नीमा को भोपाल रैफर किया गया है.

### ट्राली से जा भिड़ा बाइक चालक, एक की मौत, एक गंभीर

गुरुवार की शाम एक अन्य हादसा मंडी थानातंर्गत भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम फूलमोगरा के समीप घटित हो गया. बताया जाता है कि आष्टा थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुरा निवासी सादिक खां आ. शब्बीर खां अपने साथी फाजिल के साथ सीहोर से आष्टा की ओर जा रहा था. बताया जाता है कि भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम फूलमोगरा जोड़ के समीप आगे जा रही ट्रैक्टर- ट्राली के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे बाइक ट्राली से जा भिड़ी. इस हादसे में बाइक चालक सादिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिल गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद ट्रैक्टर- ट्राली चालक मौके से फरार हो गया था. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायल फाजिल को अस्पताल भेजा है.

## दुग्ध संघ ने निभाया मामा का फर्ज



**सीहोर.** भोपाल दुग्ध संघ ने भी समिति से जुड़े हुए लोगों के लिए भोपाल दुग्ध संघ ने मायरा (भात) योजना शुरू की है. इस योजना के तहत दुग्ध संघ से जुड़े परिवारों के यहां विवाह आयोजनों में दुग्ध संघ के अधिकारी और सदस्य शामिल होकर मामा का फर्ज निभाते हुए विवाह के एक दिन पूर्व मायरा परंपरा को निभा रहे है. इसी के तहत गुरुवार को सहकारी दुग्ध समिति के ग्राम कचनारिया निवासी किसान कैलाश बरेठा की पुत्री निकिता बरेठा के विवाह मंडप कार्यक्रम में भोपाल दुग्ध संघ के पदाधिकारी और समिति के सदस्य शामिल हुए. जहां पर समिति के जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया, पर्यवेक्षक मूलचंद वर्मा, पर्यवेक्षक पंकज गौर, गोविंद शर्मा, मुंगावली समिति के सचिव जगदीश वर्मा, धनखेड़ी समिति सचिव मनोहर वर्मा, दुग्ध समिति कचनारिया के अध्यक्ष दिनेश राठौर, सचिव मुकेश कुमार बरेठा मामा के रूप में भांजी की शादी में उपस्थित हुए. मायरा योजना के तहत परंपरा निभाते हुए 11000 रुपए की नगद राशि, मायरा, फल माला और मिठाई, वस्त्र भेंट कर रस्म निभाई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## अधिकारी पर प्रकरण दर्ज करने की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर.** गुरुवार को आईएएस संतोष वर्मा के एक बयान के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन किया. समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने संतोष वर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त करने और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है. गुरुवार को सुबह शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में अध्यक्ष दीपक शर्मा के आह्वान पर विप्रजन उपस्थित हुए, इसके पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर तत्काल मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने चेतवानी दी है कि अगर शीघ्र ही काईवाई नहीं की तो पुतला दहन के अलावा उग्र प्रदर्शन पूरे देश में किया जाएगा.

अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा का बयान उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है. उन्होंने अजाक्स के सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ जो बयान दिया, वह घोर निंदनीय है. संतोष वर्मा अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा विवादों में रहे हैं. उनके खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं. उन्होंने पदोन्नति पाने विशेष न्यायाधीश के फर्जी हस्ताक्षर कर पदोन्नति ली थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित भी किया गया था. ऐसे अधिकारी को तुरंत निलंबित कर सख्त कार्रवाई करना चाहिए. ब्राह्मण समाज के लोगों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो विप्र समाज उग्र आंदोलन करेगा.

## दुष्कर्मी को फांसी देने की मांग को लेकर रहा नगर बंद

- विहिप-बजरंग दल ने किया था नगर बंद का आव्हान
- नागरिकों ने रैली निकालकर सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 नवंबर.** गौहरगंज में 6 वर्ष की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना के 80 घंटे बाद भी आरोपी सलमान उर्फ नज़र पुलिस गिरफ्त से बाहर है. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सकल हिंदू समाज के आव्हान पर गुरुवार को बुधनी में नगर बंद का व्यापक प्रभाव देखने को मिला.

दोपहर में संगठनों ने विशाल रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोरतम दंड की मांग की. हिंदू संगठनों के आव्हान पर बुधनी में सुबह से ही बंद का असर देखने को मिला. मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, गलियों और चौक-चौराहों पर दुकानें बंद रहीं. नागरिकों ने बंद में स्वस्फूर्त भागीदारी की, जिससे बंद पूर्णत: सफल रहा. दोपहर में विहिप बजरंग दल और सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिक एकत्र हुए. रैली जय घोष और विरोध नारों के साथ मुख्य मार्गों से होकर तहसील कार्यालय पहुंची. जहां एसडीएम डी.एस. तोमर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी, सक्षम अदालत में फास्ट-ट्रैक ट्रायल और कठोरतम सजा की मांग की गई.




### मुस्लिम समाज ने भी घटना का विरोध कर सौंपा ज्ञापन

गौहरगंज घटना को लेकर बुधनी के मुस्लिम समुदाय ने भी विरोध दर्ज कराते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. मुस्लिम समुदाय ने कहा कि निर्दोष 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुई यह घटना अमानवीय है. इसे अंजाम देने वाले आरोपी को कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए. उन्होंने आरोपी को शीघ्र पकड़ते हुए उसे कठोर सजा देने की मांग प्रशासन से की है.

## सफाईकर्मियों को दस तारीख से पहले प्रदान करें वेतन

- सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष ने दिए निर्देश
- सफाईकर्मियों को ठेके की जगह संविदा पर नियुक्त करें

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर.** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप सिंह करोसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई.

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में ठेके पर जो सफाई कर्मचारी रखे जा रहे हैं, उन्हें ठेके पर रखने की बजाय संविदा नियुक्तियों पर रखा जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राजपत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे कि ठेका सफाई कर्मचारियों को संविदा पर रखा जाए, इसलिए इन निर्देशों का पालन किया जाए.




उन्होंने कहा कि दैनिक वेतनभोगी एवं विनियमित कर्मचारियों की सेवाकाल में मृत्यु के दौरान उपादान की राशि की गणना नियमानुसार सेवा अवधि के अनुसार की जाए, जिससे कर्मचारियों की सेवा अवधि के अनुरूप उपादान राशि प्राप्त हो सके. यह कार्यवाही एक माह में पूर्ण की जाए. उन्होंने कहा सभी सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 10 तारीख से पहले वेतन प्रदान किया जाए. इसके साथ ही नियमित कर्मचारियों का वेतन 05 तारीख से पहले दे दिया जाए. इसके साथ ही नगरीय निकायों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को कौशल संवर्धन के लिए प्रशिक्षण दिया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी सफाई कर्मचारी जो शासकीय भूमि पर लंबे समय से निवासरत है, उन्हें स्थायी आवासीय पटटा देकर भू-स्वामित्व प्रदान किया जाए. उन्होंने नपा सीहोर एवं बुधनी में संचालित सीवरेज परियोजनाओं के संबंध में सीएमओ को सुरक्षा संबंधी उपाय करने के निर्देश दिए, ताकि सीवरेज में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके.

## श्री सत्यसाईं यूनिवर्सिटी में मना संविधान दिवस

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर.** श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस के स्कूल ऑफ ला में संविधान दिवस राष्ट्रभावना के साथ मनाया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन डॉ. अमृता सोनी द्वारा की गई. अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने भारतीय संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा मैं संविधान हूँ संविधान मुझमें जीता है और मैं संविधान में जीती हूं मुझे गर्व है कि मैं भारतीय हूं.

उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी, कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर सहित विभिन्न संकायों के डीन, प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित था. सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया. सभी लोगों ने संविधान के आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुत्व—को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया. समारोह का समापन राष्ट्रगान के




**बैठक** प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने जिला पंचायत कार्यालय में योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा की

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : प्रभारी मंत्री

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर.** प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने जिला पंचायत में बैठक आयोजित कर विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की. श्रीमती गौर ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एवं शासकीय सेवक दोनों ही जनता की सेवा के लिए हैं, इसलिए जिले के विकास और कल्याण के लिए सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि समन्वय के साथ काम करें.

बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचना चाहिए और इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए.प्रभारी मंत्री ने गीता भवन के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवंटन करने के निर्देश दिए. उन्होंने विधानसभा क्षेत्रों के विजन डॉक्यूमेंट, स्वच्छता अभियान, वृंदावन ग्राम विकास एवं अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, फील्ड विजिट बढ़ाई जाए, आमजन की समस्याओं व लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करें. विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी लापरवाही, अनियमितता या उदासीनता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### शिकायत निवारण तंत्र विकसित करे कॉलेज प्रबंधन

वीआईटी कॉलेज मेंविद्यार्थियों द्वारा भोजन, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर उठाई गई शिकायतों और उत्पन्न स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर वीआईटी कॉलेज परिसर पहुंचीं. उन्होंने कॉलेज प्रबंधन, प्रशासन और अधिकारियों के साथ बैठक कर घटना के बारे में चर्चा की. कॉलेज प्रबंधन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉलेज में स्थायी शिकायत निवारण तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें विद्यार्थियों की भागीदारी भी हो, ताकि किसी समस्या की सूचना सीधे प्रशासन तक पहुंचे और उसका समाधान हो सके. उन्होंने कहा कि इस घटना को गंभीर चेतावनी के रूप में लेते हुए भविष्य में ऐसी किसी भी परिस्थिति की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करना संबंधितों की सामूहिक जिम्मेदारी है.



## सैनिक स्कूल का लोकार्पण आज

**बुधनी.** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा प्रस्तावित सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल के प्रथम चरण के लोकार्पण तथा अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे ग्राम बगवाड़ा में किया जाएगा. मुख्य अतिथि के रूप में एनएचडीसी लिमिटेड के सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक अरुण डागा उपस्थित रहेंगे. जबकि अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा की जाएगी. विशिष्ट अतिथि सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता रहेंगे. विद्यालय के प्रथम चरण के लोकार्पण के साथ ही अतिरिक्त भवन के निर्माण का शुभारंभ क्षेत्र में सैनिक शिक्षा, अनुशासन, देशभक्ति तथा संस्कारित राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है.